प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
27.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 / बजे

प्रचार भाजपा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार अब तेज होने लगा है। केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज अपने चुनावी प्रचार के दौरान भौंरज और हमीरपुर में चुनावी जनसभाएं करेंगे। वे आज विशेष सम्पर्क अभियान के तहत हमीरपुर वार्ड नम्बर 1 में वरिष्ठ नागरिक और हमीरपुर की शहरी ईकाईयों के व्यापारियों के साथ मुलाकात भी करेंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला में अपने सरकारी आवास ओक ओवर में जरूरी कार्यों को निपटाएंगे इस दौरान वे कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मुलाकात भी करेंगे।

जयराम

भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम ठाकुर आज मंडी संसदीय क्षेत्र के रामपुर मंडल में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे आनी मंडल के निरमंड में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे।

मारकंडा

विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मारकंडा आज से लाहौल में चुनाव प्रचार अभियान शुरू करेंगे। भाजपा ने यहां से कांग्रेस के बागी रवि ठाकुर को टिकट दिया है, इससे रामलाल मारकंडा नाराज चल रहे थे। लाहौल स्पीति में तिकोणा मुकाबला होने से विधानसभा उपचुनाव और रोचक हो गया है। रामलाल मारकंडा भाजपा के टिकट से चार बार चुनाव लड़ चुके हैं जिनमें से तीन बार उन्हें जीत मिली है।

सुरेश कश्यप

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुरेश कश्यप आज अपने चुनावी प्रचार के दौरान कसौली विधानसभा क्षेत्र में कसौली गड़खल जोन, गड़खल गांव और कसौली गांव में चुनावी प्रचार करेंगे।

अविनाश खन्ना

प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना आज जिला कांगड़ा के फतेहपुर मंडल रैहन में पन्ना प्रमुख समारोह में भाग लेंगे दोपहर बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर कार्यक्रर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ मैदानी व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीती रात वर्षा हुई वहीं अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में हल्की बर्फ़बारी हुई। जिला लाहौल स्पीति से हमारे सवांददाता ने बताया की जिले में बीती रात से बारिश बर्फवारी का सिलसिला जारी है। कुंजुम दर्रा ,बारालाचा दर्रे व रोहतांग दर्रे पर डेढ़ से दो फुट बर्फवारी, जबकि केलंग में 3 इंच बर्फवारी हुई है। इस बर्फवारी से किसानों व बागवानों की चिंता बढ़ गयी है और उनकी फसलें ख़राब होने की सम्भावना बनी हुई है। बागवानों को खुमानी, नाशपाती व सेब में इन दिनों हो रही फ्लॉवरिंग को बर्फवारी से नुकसान होने की चिंता सताने लगी है। बर्फ गिरने से ग्राम्फू काजा समदो सड़क से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हुआ है, मनाली बारालाचा सरचू सड़क पर अत्यधिक बर्फवारी से दारचा से आगे वाहनों की आवाजाही बन्द है। बर्फवारी व अत्यधिक बारिश से घाटी में भूस्खलन होने का ख़तरा बढ़ गया है। जिला किन्नौर मे भी बीती रात से बारिश का क्रम जारी है जबकि ऊँची चोटियों पर बर्फ पड़ी है। आज प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आसमान पर बादल छाए हुए है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए शेष टिकटों के आबंटन से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है—कांग्रेस ने सुजानपुर से रणजीत, कुटलैड़ से विवेक ओर गगरेट से कालिया को दिया टिकट। दैनिक जागरण का शीर्षक है—सुजानपुर से रणजीत, गगरेट से कालिया व कुटलैहड़ से विवेक कांग्रेस प्रत्याशी। हिमाचल दस्तक लिखता है—सुजानपुर से रणजीत सिंह राणा, गगरेट से राकेश कालिया, कुटलेहड़ से विवेक शर्मा लड़ेंगे चुनाव। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं—रणजीत—राकेश—विवेक को कांग्रेस टिकट। दैनिक भास्कर के मुताबिक— सुजानपुर से रणजीत राणा, गगरेट से राकेश व कुटलैहड़ से विवेक शर्मा होंगे उम्मीदवार।

पंजाब केसरी की सुर्खी है—हाईकोर्ट ने 15 माननीयों के आपराधिक मामलों को वापस लेने की दी इजाजत। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं—हाईकार्ट का फैसला—15 नेताओं के अदालती केस वापस। जबकि दैनिक जागरण का कहना है—सुक्खू और अग्निहोत्री सहित 15 नेताओं पर दर्ज मामले होंगे वापस।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को सुर्खी दी है—सत्ता हथियाने की नाकाम कोशिश करने वालों को जनता देगी जवाब। आपका फैसला लिखता है— विपक्ष के विरोध के बावजूद ओ.पी.एस लागू की।

मौसम पर आपका फैसला की सुर्खी है—हिमाचल में चार दिनों तक मौसम खराब रहने के आसार। अमर उजाला लिखता है— सीजन का रहा सबसे गर्म दिन, 40 डिग्री पहुंचा ऊना का तापमान इसी पत्र की एक अन्य ख़बर है—सोलन में गेंहू के खेतों में लगी आग को बुझाते बुजुर्ग की जिंदा जलने से मौत।

—————————————